हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 15 जून 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

आईएमए के ब्लड बैंक के शिविर में आधी आबादी ने खून देकर बनाया रिकार्ड, 141 यूनिट ब्लड जमा हुआ कैंप के दौरान

रक्तदान का जोश दिखा महिलाएं बनीं मिसाल

श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में रक्तदान शिविर लगाया गया।

एसआरएमएस में चार दिवसीय रक्तदान शिविर आरंभ

बरेली। विश्व रक्त दान दिवस पर श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज भोजीपुरा बरेली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 17 जून तक चलेगा। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने ब्लड दिया। पहले दिन 25 व्यक्तियों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डा. एसके हाण्डा ने कहा कि एक व्यक्ति के रक्त दान से हम चार जीवन को बचा सकते हैं। लोगों में यह गलत धारणा है कि रक्त दान करने से कमजोरी आती है जबकि इससे हमारे शरीर में शुद्ध रक्त की मात्रा बढती है। इस मौके पर रक्त कोष विभाग की इंचार्ज डा. मिलन, अपर चिकित्सा अधीक्षक डा. एचओ अग्रवाल, उमेश सक्सेना, विनीत वर्मा, डा. आईए खान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनिल चन्द्रा ने किया।